माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर, उत्तर प्रदेश
MAA PATESWARI UNIVERSITY, BALRAMPUR, UTTAR PRADESH
Website : https://mpublp.ac.in E-mail : coe.mpublp@gmail.com

पत्रांक सं.: माँ०पा०वि०वि०/COE/2026/200 दिनांकः 02,अप्रैल 2026

सूचना

एतद्द्वारा सभी सम्बन्धित को अवगत किया जाता है कि विश्वविद्यालय के पत्रांक सं:– मा.पा.वि.वि. /COE/2026/187 दिनांक 20.03.2026 के माध्यम से कृषि पाठ्यक्रम से सम्बन्धित स्नातक तथा परास्नातक विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया था । माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार कृषि पाठ्यक्रम में स्नातक तथा परास्नातक विषयों की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराकर अंको को पूरित करने हेतु पोर्टल को खोल दिया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 10.04.2026 है ।

अतः कृपया दिनांक 10.04.2026 तक कृषि पाठ्यक्रम में स्नातक तथा परास्नातक विषयों की प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कराते हुए अंकों को पोर्टल पर पूरित कर शीलबन्द हार्डकापी को दिनांक 11.04.2026 तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ।

इस सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि माननीय कुलपति महोदय द्वारा बी.एस.सी (कृषि) पाठ्यक्रम मे परीक्षकों (बाह्य परीक्षक तथा आन्तरिक परीक्षक) की एक टीम को अधिकतम 150 छात्रों का ही प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु निर्णय में शिथिलता प्रदान करते हुए प्रत्येक सेक्शन के प्रत्येक विषय/कोर्स हेतु अधिकतम 300 छात्रों का एक बैच बनाने की अनुमति प्रदान की है ।

साथ यह भी अवगत कराना है कि जिन छात्र/छात्राओं को 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्रदान किये जायेंगे, उनकी विडियो रिकार्डिंग के साथ हार्डकापी प्रस्तुत करना होगा। प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न होने के पश्चात समस्त इन्टरनल एसेसमेन्ट तथा प्रायोगिक परीक्षा की पुस्तिका पूर्व निर्धारित नोडल केन्द्र पर आन्तरिक व बाह्य परीक्षक के हस्ताक्षर दिनांक तथा पुस्तिका संख्या दिनांक सहित प्राप्त करना सुनिश्चित करें । उक्त अवधि के मध्य जिन महाविद्यालयों द्वारा प्रायोगिक परीक्षा सम्पन्न कर अंको को पोर्टल पर पूरित नहीं किया जाता है, तो उनका परिणाम अपूर्ण मानते हुए परीक्षाफल घोषित कर दिया जायेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी ।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय।
2. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट एवं सम्बन्धित कॉलेज के लॉगिन पोर्टल पर अपलोड करें ।
3. कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति जी के संज्ञानार्थ ।
4. कार्यालय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक